ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

दिनांक– 01.06.2021

## हारेगा कोरोना–जीतेगें हम

- श्री आर0 रमेश कुमार (आई.ए.एस) मण्डलायुक्त, बरेली द्वारा आज दिनांक 01.06.2021 को नगर निगम कार्यालय का किया गया निरीक्षण व नगर निगम कार्यालय में नगर निगम के अधिकारियों के साथ की गई समीक्षा बैठक।

- कोविड–19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 01.06.2021 दिन मंगलवार को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा है नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य।

1. श्री आर0 रमेश कुमार (आई.ए.एस) मण्डलायुक्त, बरेली द्वारा आज दिनांक 01.06.2021 को नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया गया व नगर निगम कार्यालय में नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक_की गई। नगर निगम कार्यालय में निरीक्षण के दौरान नगर निगम कार्यालय में बनाये गये कोविड–19 हेल्प डेस्क के माध्यम से किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली गई, जिसमें संबन्धित द्वारा अवगत कराया गया कि कोविड–19 हेल्प डेस्क के माध्यम से नगर में आमजन के द्वारा सेनेटाइजेशन, फागिंग, सफाई व अन्य समस्याओं को फोन के माध्यम से दर्ज किया जाता है व तत्काल रुप से उन सभी समस्याओं का निस्तारण कराया जाता है। निरीक्षण के उपरान्त श्रीमान मण्डलायुक्त महोदय बरेली, आर0 रमेश कुमार जी द्वारा नगर निगम कार्यालय में नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त महोदय द्वारा महानगर वासियों को कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु कराये जा रहे कार्यो– सेनेटाइजेशन, फागिंग, एण्टीलॉरवा का छिड़काव, स्वच्छता व नगर में कराये जा रहे विकास कार्यो के बारे में जानकारी चाही गई, जिसमें नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा अवगत कराया गया कि महानगर वासियों को कोविड–19 के सक्रमण से बचाव हेतु नगर में बने कन्टेमेंन्ट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में चरणबद्व तरीके से सेनेटाइजेशन का कार्य, फागिंग, एण्टीलॉरवा व विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत कराये जा रहे सफाई का कार्य आदि के बारे में बताया गया। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर में कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत रखते हुये किसी भी प्रकार की लापरवाही की न की जायें। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त महोदय के साथ जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रामसेवक द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

2. कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। इसी क्रम में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 01.06.2021 को नगर में विशेष सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया। जिसके अन्तर्गत जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कॉलोनी, एमनजई जलालनगर, दिलाजाक, निसरजई, आवास विकास कॉलोनी, रामनगर कॉलोनी में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा कटिया टोला, बहादुरगंज, सदर बाजार, हाजी बिल्डिंग में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अन्तर्गत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा वर्कजई, खलीलगर्वी, हुण्डालखेल, कच्चा कटरा, सिजंई में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा गर्राघाट स्थित स्वर्गधाम, जिला अस्पताल, मेहमान शाह, किला, मघई टोला, अब्दुल्लागंज एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा ख्वाजा फिरोज, तारीन गाड़ीपुरा, गड़ी गाड़ीपुरा, आदर्शनगर कॉलोनी में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 6332 स्थलों एवं 550 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

3. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 01.06.2021 को सफाई जोन–1 में मालाराम कॉलोनी, तेलटंकी एवं ऑफीसर्स कॉलोनी में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में संगनी मैरिज लॉन से बहादुरगंज तक एवं मक्कू बजरिया में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 मण्डी में मछली मार्केट के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में वाकरजई में गुरुद्वारा के सामने बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के ख्वाजा फिरोज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर।